# बांके बिहारी मेरा काम कर दे

बांके बिहारी मेरा काम कर दे
सारी दुनिया में मेरा नाम कर दे

कोठी आगे हौंडा सिटी कार खड़ी हो
जेब मेरी नोटों से खचाखच भरी हो
नौकरों की जय हो जय हो
नौकरों की लंबी कतार कर दो
सारी दुनिया में मेरा नाम कर दो

हीरो की अंगूठी पहने दोनों हाथ में
अरे बॉडीगार्ड चले मेरे साथ साथ में
हीरे और मोतियों से झोली भर दो
सारी दुनिया में मेरा नाम कर दो

घर से मैं निकलूं बन ठन के
संतरी सलूट मारे तन तन के
देश की कमान मेरे हाथ कर दो
सारी दुनिया में मेरा नाम कर दो
शेरोवाली पहाड़ों वाली

पोते और पर्वती खेले मेरे साथ में
घर की बागडोर हो गए मेरे हाथ में
सारे अरमान मेरे पूरे कर दो
सारी दुनिया में मेरा नाम कर दो

अरे सारे अरमान पूरे करो ना करो
दया वाला हाथ मेरे सर रख दो
अपने चरणों का मुझे दास बना लो
सारी दुनिया में मेरा नाम कर दो

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22490/title/banke-bihari-mera-kam-kar-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |